# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 140/2024**

**प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी0एल0एड0) पाठ्यक्रम (सत्र 2024–26) में नामांकन हेतु ऑनलाईन (CBT) विधि से आयोजित होने वाली डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित जिला पदाधिकारियों/जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधितों के लिए परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 121/2024 के क्रम में प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों, संबंधित जिला पदाधिकारियों, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 30.03.2024 एवं 31.03.2024 की स्थगित परीक्षा के पुनर्परीक्षा की तिथि निर्धारित कर प्रवेश पत्र समिति के पोर्टल पर दिनांक 06.04.2024 को अपलोड कर दिया गया है। संबंधित परीक्षार्थी अपना अद्यतन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।**

**2.** डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 का **दिनांक 10.04.2024 से 30.04.2024 तक** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र दिनांक 06.04.2024 को समिति की वेबसाईट **https://biharboardonline.bihar.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित परीक्षार्थी अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर **उपलब्ध लिंक (Link) Download Admit Card for D.El.Ed. Combined Entrance Exam (Session 2024-26)** से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करेंगे। इसके अलावे अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं हो सकेगा।

**3.** समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 117/2024 के अन्तर्गत प्रकाशित शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Scanned with CamScanner